हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 23 मार्च 2024

06 जनपद ने बगैर टेंडर के कामथ को बना दिया निर्माण...



07 आगजनी की घटना को रोकने की जा रही बिजली...





### मतदान कर्मियों को कहूट एप से प्रश्नोत्तरी हल कर समाधान करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केंद्रों व मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, निर्देश दिए

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने शुक्रवार को सिवनी मालवा में मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। जहां कमी पाई गई वहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आदर्श मतदान केंद्र की प्लानिंग करने के भी निर्देश दिए।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर ने कुसुम महाविद्यालय में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण सत्र को भी संबोधित किया और सभी मतदान कर्मियों को गंभीरता पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान कर्मियों के लिए कहूट एप बनाया गया है, यह जिला प्रशासन का अनोखा नवाचार है। मतदान कर्मी इस ऐप के माध्यम से दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखकर अपनी जिज्ञासा एवं शंकाओ का समाधान कर सकते हैं। यह एप विशेष रूप से मतदान कर्मियों के लिए ही बनाया गया है, ताकि मतदान कर्मियों को अपनी ड्यूटी उबाऊ और बोझिल न लगे। कलेक्टर ने सभी से आग्रह किया कि वह इस ऐप पर दिए गए प्रश्नों के जवाब अवश्य दें। कलेक्टर ने सिवनी मालवा के उपार्जन केन्द्रों व वेयरहाउस का भी निरीक्षण किया। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह समर्थन मूल्य पर ही किसानों से एफएक्यू स्तर का गेहूं खरीदे। उन्होंने कई उपार्जन केंद्र पर मौजूद किसानों से भी आग्रह किया कि वह साफ सुथरा गेहूं उपार्जन केन्द्रों में लाएं। कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति पिपलिया कला एवं वृत्ताकार सहकारी समिति बानापुरा के उपार्जन केंद्र एवं गोदाम का निरीक्षण किया।

दोनों ही खरीदी केंद्र आसपास स्थित है। अधिकारियों ने बताया कि समर्थन मूल्य पर ही गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। उत्पादन केन्द्रों में अभी एक या दो किसान ही आ रहे हैं। उम्मीद है कि होली के बाद फसल की कटाई करेंगे। उसके बाद उपार्जन में तेजी आएगी। अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसमें 125 रुपए बोनस है। इस तरह कुल मिलाकर 2400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदी की जाएगी। बोनस की राशि सीधे किसानों के खातों में जमा होगी। बताया गया कि उपार्जन केन्द्रों में स्कंध की दो बार तुलाई होती है, पहले धर्म कांटे से फिर छोटे कांटे से तुलाई की जाती है, ताकि किसान संतुष्ट रहें। बताया गया कि त्योहारों का सीजन होने के चलते हम्मालों की समस्या बनी हुई है। होली के बाद ही हम्माल आएंगे। अभी तक चना उपार्जन के किसान नहीं आए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा की वे किसानों को समझाइश दें कि वे अपने घर से ही साफ सुथरा गेहूं लेकर आए ताकि उपार्जन के दौरान अनावश्यक परेशानी ना हो। बताया गया कि उक्त दोनों सेवा सहकारी समिति में 1 लाख 10 हजार मेट्रिक टन स्कंध का भंडारण किया जाता है। कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी सिवनी मालवा का भी निरीक्षण किया। बताया गया कि समर्थन मूल्य से नीचे किसी भी किसान से खरीदी नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमित ना हो। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश है कि एफसीआई को 2 लाख मीट्रिक टन गेहूं देना है। इसलिए किसानों को समझाइश देवे कि वे साफ सुथरा गेहूं लेकर ही आए।

### कलेक्टर ने यहां पर छन्ना, मशीन, पंखे का अवलोकन किया

कलेक्टर ने वृहताकार सहकारी समिति बघवाड़ा का भी निरीक्षण किया। समिति में किसानों को छाया देने के लिए पंडाल लगाए गए थे। बताया गया कि अभी तक कोई भी किसान उपार्जन के लिए नहीं आया है। आसपास के तेरह गांव समिति से जुड़े हुए हैं। मूंग की बोवनी कुछ जगह पर चालू कर दी गई है। नरवाई एवं आगजनी की कोई भी घटना घटित नहीं हुई है। समिति प्रबंधक ने बताया कि 10 अप्रैल के बाद खरीदी में तेजी आएगी। इसके पश्चात कलेक्टर ने वृहताकार सेवा सहकारी सेवा समिति मर्यादित सावल खेड़ा का निरीक्षण किया। समिति में मौजूद किसानों ने बताया कि उपार्जन केंद्र छोटा होने की वजह से ट्रैक्टर ट्राली लाने में दिक्कत होती है। उपार्जन में 1 से 2 दिन लग जाते हैं। कलेक्टर ने किसानों का आश्वासन दिया कि इस बार समस्या का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने जगह छोटी होने की वजह से स्कंध का जल्दी-जल्दी परिवहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ओपन केंद्र है सभी आवश्यक सुविधाएं एवं सहयोग मुहैया कराई जाएगी। बताया गया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत सावल खेड़ा समिति का चुनाव किया गया है।

### मतदान कर्मी निर्वाचन की महत्वपूर्ण कड़ी

सिवनी मालवा के कुसुम महाविद्यालय में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण सत्र में पहुंचकर कलेक्टर ने प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मतदान कर्मियों से कहा कि आप सब निर्वाचन की महत्वपूर्ण कड़ी है। आपकी सूझबूझ विवेक एवं ज्ञान से पुरी निर्वाचन प्रक्रिया जुड़ी हुई है। अतः गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण लेकर निर्वाचन कार्य संपन्न कराए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के दिन सभी स्थितियां आपके नियंत्रण में रहे। इसलिए ईवीएम को सुरक्षित रखते हुए कार्य संपादित करें। प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करें। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी परेशानी आने पर अपने संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सूचित करें।

### आदर्श मतदान केंद्र की प्लानिंग करें

कलेक्टर ने सिवनी मालवा के शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 68 एवं 69 का निरीक्षण किया। उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। बताया गया कि 46 लोगों पर बांड ओवर की कार्रवाई की गई है। 30 से 35 प्रकरण बांड ओवर के पेंडिंग है जो जल्द ही निराकृत किए जाएंगे। कलेक्टर ने मतदान केंद्र 70, 71 व 72 जो शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल में स्थित है। उनका भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर स्वीप प्लान के तहत विशेष गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि तीन मतदान केन्दो में करीब ढाई हजार मतदाता है। एक मतदान केंद्र क्रिटिकल कैटेगरी में है। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी आदर्श मतदान केंद्र की प्लानिंग करें और वालंटियर की ड्यूटी लगाई। मतदान केंद्र को आकर्षक और सुंदर बनाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी गण मौजूद थे।

# शराब तस्कर 54 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

### आरोपी पर प्रकरण पंजीबद्ध कर भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली त्यौहार मद्देनजर शराब माफियाओं के विरुद्ध लगातार छापामार कार्रवाई कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) के दो प्रकरण दर्ज शराब तस्कर करन भदोरिया 54 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार धारा 34(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया। शहर के बालागंज में रिहायशी घर से अवैध 120 केन बीयर जप्त आरोपी के विरुद्ध मप्र आबकारी की धारा 34(2) के अंतर्गत प्रकरण कायम कर फरार आरोपी सनी शंकत की तलाश जारी जप्त अवैध शराब की कुल अनुमानित कीमत 34 हजार 400 रूपए आंकी गई है।

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के संदर्भ में चलाए जा रहे अवैध मदिरा परिवहन, निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सवेरे सवेरे मालखेड़ी क्षेत्र के गोकुलधाम कॉलोनी के करण भदोरिया पिता भीम सिंह भदोरिया के कब्जे से 6 पेटियों में कुल 54 लीटर देसी मदिरा प्लेन शराब जप्त कर मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 2 के अंतर्गत आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तदुपरांत आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में जिला जेल नर्मदा पुरम भेजा गया। जप्त मदिरा की कीमत लगभग 20 हजार आकी गई है।

उक्त शराब तस्कर मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक वृत नर्मदापुरम ए वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, आबकारी उप निरीक्षक पिपरिया सुयश फौजदार, इटारसी शहर कृष्ण कुमार पड़रिया के अलावा प्रधान आरक्षक रामदत्त शर्मा, रघुवीर प्रसाद निमोदा, इटारसी एवं होशंगाबाद का स्टाफ था। अरविंद सागर जिला आबकारी अधिकारी नर्मदा पुरम द्वारा बताया गया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अवैध शराब विक्रय के खिलाफ पूरे जिला में लगातार आबकारी टीम के द्वारा कारवाइयां की जा रही है एवं आगामी समय में भी इस प्रकार की कारवाइयां जारी रहेंगी।

# तवा बांध से मूंग सिंचाई के लिए 26 को छोड़ा जाएगा पानी

### हरदा एवं नर्मदापुरम जिले के लिए छोंड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभागीय जल उपयोगिता समिति के अध्यक्ष एवं संभागायुक्त नर्मदापुरम संभाग डॉ पवन कुमार शर्मा द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मूंग फसल की सिंचाई हेतु बैठक ली गई। बैठक में हरदा एवं नर्मदापुरम के कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम, मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री एवं समस्त कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम, एवं हरदा उपस्थित रहे।

बैठक में आयुक्त द्वारा निर्देश दिये गये कि जिला हरदा एवं जिला नर्मदापुरम के सिवनी मालवा अंतर्गत मकड़ाई एवं रायगढ़ नहरों में सतत जल प्रवाह के लिए तवा बांध से 26 मार्च 2024 को बायीं तट मुख्य नहर में पानी छोड़ा जाएगा, शेष नर्मदापुरम, इटारसी एवं सिवनी मालवा की नहरों में जिला जल उपयोगिता की समिति की बैठक में अनुमोदित निर्धारित क्षेत्रफल में सिंचाई करने के लिए दिनांक 30 मार्च को पानी छोडा जाएगा।

इसी प्रकार तवा दायीं तट मुख्य नहर में सोहागपुर एवं पिपरिया अंतर्गत समस्त नहरों में 5 अप्रैल 2024 को तवा बांध से जल का प्रवाह निर्धारित क्षेत्र में मूंग फसल की सिंचाई के लिए किया जाएगा। कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना द्वारा समस्त जन प्रतिनिधियों किसान संघों एवं जिले के समस्त कृषकों से अपील की है कि रबी फसल कटाई उपरांत नरवाई में आग न लगाएं।

# समर्थ सद् गुरु भैयाजी सरकार और जमात का नर्मदापुरम जिले में आगमन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा सहित सभी पवित्र नदियों का जीवन बचाने तथा प्रकृति, पर्यावरण और गौवंश के संरक्षण संवर्धन के लिए पिछले तीन वर्षों से निराहार महाव्रत करने वाले अवधूत महायोगी श्री समर्थ सद्गुरु दादागुरु भैयाजी सरकार की निराहार निर्जला नर्मदा सेवा परिक्रमा का प्रवेश नर्मदापुरम जिले में हो गया है। संत भैयाजी सरकार एक दिन में 25 से 30 किलोमीटर तक की यात्रा कर रहे हैं। यहां बीटीआई रोड पर स्थिति दादा की कुटिया में दो दिन बितायेंगे और अपनी जमात के साथ होली पर्व नर्मदापुरम में ही मनायेंगे। दादा गुरु 21 मार्च को बनखेड़ी में प्रवेश कर चुके है। वहां से पिपरिया और पिपरिया से सोहागपुर माखन नगर क्षेत्र होते हुए नर्मदापुरम की ओर आगमन होगा। संतजी के शिष्यों ने



बताया कि पहले निराहार नर्मदा परिक्रमा की थी, लेकिन इस बार वे निर्जल परिक्रमा कर रहे हैं और केवल हवा पर आश्रित रहकर परिक्रमा कर रहे हैं। तेजेश्वर प्रसाद मिश्र, समाजसेवी नरेंद्र सिंह सोलंकी, डॉ स्मिता संजय रिछारिया इंजीनियर हरिकृष्ण नायक, दीपक पंवार, संजय शैलेट, पूर्व जनपद अध्यक्ष संगीता सोलंकी, योगिता शैलेट, पीयूष मिश्रा, विवेक शर्मा सहित नर्मदा मिशन के कार्यकर्ता संतजी की परिक्रमा यात्रा की तैयारी में जुटे हुए हैं। दरअसल दादा गुरु नर्मदा सहित सभी पवित्र नदियों के साथ साथ मिट्टी, पेड़, पहाड़ों या संपूर्ण प्रकृति के संरक्षण संवर्धन के लिए सामाजिक जागरुकता का उद्देश्य लेकर इस मिशन में अनेक वर्षों से लगे हुए हैं। नर्मदापुरम में होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में भजन कीर्तन के आयोजन भी होंगे। मां नर्मदा स्वच्छ निर्मल हो और प्रकृति दूषित होने से बचे पर्यावरण शुद्धता के लिए संत तीन वर्ष से अधिक समय से निराहार हैं। दादा गुरु ने अपना सर्वस्व धर्म, धरा, धेनु मां नर्मदा और प्रकृति संरक्षण सम्वर्धन में न्यौछावर कर दिया है। सतत नर्मदा पथ पर गतिशील रहकर सेवा साधना और संरक्षण संवर्धन में अपना जीवन समर्पित किए हुए हैं और ज्ञान विज्ञान को चुनौती देते हुए पिछले तीन वर्षों से सिर्फ नर्मदाजल ग्रहण कर मां नर्मदा की जीवंतता और सत्यता को देश दुनिया के सामने प्रकट कर चुके हैं।

# विश्व जल दिवस पर कार्यशाला में बताई प्राकृतिक रंग और गुलाल बनाने की विधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व जल दिवस पर शुक्रवार को माखन नगर के पास स्थित शुक्करवाड़ा हाई स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनेक लोग शामिल हुए। इस दौरान शुद्ध एवं स्वच्छ जल के मूल्य के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने और मीठे पानी के संसाधनों के उपयोग करने की जानकारी दी गई। शासकीय एकीकृत हाई स्कूल शुक्करवाड़ा फार्म में विश्व जल दिवस पर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मृदु एवं कठोर जल की पहचान करते हुए दोनों से होने वाले लाभ एवं नुकसान के विषय में समझाया गया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य , स्टॉफ सहित विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे।



### प्राकृतिक गुलाल से नहीं होते स्किन को नुकसान

इस दौरान कार्यक्रम में लोगों को प्राकृतिक गुलाल बनाने की विधि बताई गई। इसमें पलाश के फूल, पालक, अरारोट सहित अन्य चीजों से प्राकृतिक गुलाल बनाने के बारे में बताया गया। इसके साथ ही प्राकृतिक और कृत्रिम रासायनिक रंगों के विषय में जानकारी दी। लोगों को कहा कि वे रासायनिक रंगों से होली न खेले प्राकृतिक रंगों और गुलाल से होली खेले जिससे उनकी सेहत को कोई नुकसान न पहुंचे। कार्यशाला के दौरान प्राकृतिक रंग और गुलाल बनाने की अनेक विधियां बताई गई जिसका लोगों ने लाभ लिया।

### चौथे दिन व्यासगादी से बोले डॉ रामगोपाल तिवारी...

# आत्मतत्व का ज्ञान ही जीवन का अंतिम लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पंच दिवसीय पंडित रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के चौथे दिन प्रवचन पीठ से अपने व्याख्यान में बांदा चित्रकूट से आए विख्यात कथाकार डॉ रामगोपाल तिवारी मानसरत्न ने कहा कि आत्मतत्व का ज्ञान ही मनुष्य जीवन का अंतिम लक्ष्य है। इस लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रभु के चरणों में समर्पण आवश्यक है कथा के क्रम में सुंदरकांड के अशोक वाटिका प्रसंग में वैदेही दर्शन की ओर अग्रसर होते हुए आपने कहा कि श्री हनुमान जी जिस तरह गुफा में नेत्र बंद कर देखते हैं, उन्हें भक्ति स्वरूपा मां सीता का दर्शन होता है जबकि अन्य वानर नेत्र बंद कर जल्दी ही नेत्र खोल देते हैं उन्हें अधीरता के कारण उस समय भक्ति की प्राप्ति नहीं होती है समुद्र तट पर जब जामवंत जी अंगद एवं हनुमान जी वार्ता करते हैं तो जामवंत जी भूतकाल के बल का बखान करते हैं जबकि अंगद जी भविष्य की चिंता करते हैं अर्थात वृद्धि जामवंत जी एवं युवा अंगद दोनों ही चिंता करते हैं जबकि हनुमान जी







वर्तमान में निश्चिंत रहते हैं वह संपाती की बातों को अपने हृदय में धारण करते हुए अर्थात हृदय में भगवान श्री राम को विराजमान करते हुए लंका में प्रवेश कर जाते हैं श्री हनुमान जी के हृदय में भगवान का निवास होने से वे बल एवं बुद्धि के धाम है।

पूज्य मानस रत्न जी कहते हैं आंखें बंद करने का अर्थ है विश्वास करना जबकि आंखें खोलना विचार करने का प्रतीक है। सती प्रसंग में भगवान शिव नेत्र बंद कर भगवान राम का दर्शन करते हैं जबकि सती जी नेत्र खोलकर भगवान का दर्शन करने से उन्हें संश य हो जाता है। कार्यक्रम के शुभारंभ में पूज्य पं रामगोपाल तिवारी जी का पुष्पहार से स्वागत नर्मदा शिक्षा समिति के प्रबंधक अरुण शर्मा के साथ रामदास मीना, शिव दीक्षित, केएन त्रिपाठी, नर्मदा प्रसाद सिसोदिया, खेमचंद यादवेश, महेश पटेल, प्रमोद दुबे,अशोक पालीवाल, रेवती पालीवाल, ओपी शर्मा ने किया।

### प्रवचन के पूर्व भजनांजली में गायक

द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गयी हारमोनियम पर आदित्य परसाई , तबले पर विपुल दुबे ने संगत की संचालन डॉ संजय गार्गव ने किया।

# आरटीओ और यातायात विभाग का संयुक्त जांच अभियान का क्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए और आदर्श आचार संहिता सुनिश्चित करने की दृष्टि से नर्मदापुरम जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आरटीओ तथा यातायात विभाग द्वारा वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में यातायात पुलिस द्वारा एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त चेकिंग एसएसटी चेक्र पोस्ट नर्मदा ब्रिज, माखन नगर रोड तथा इटारसी रोड पर की गई। वाहन चेकिंग में वाहन की डिग्गी, डेशबोर्ड इत्यादि के साथ, सीट बेल्ट और हेलमेट, वाहनों के कागजात, ओवरलोड इत्यादि पर कार्यवाही की गई तथा चुनाव की दृष्टि से पदनाम वाली नंबर प्लेट, अतिरिक्त लाइट, हूटर या प्रेसर हॉर्न, कांच पर किसी भी प्रकार की फ़ल्मि लगा होना और बहुरंगी लाइट के





उपयोग पर नजर रखी गई, ,इस संयुक्त कार्यवाही में कुल 119 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही कर कुल 64,400 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। यातायात पुलिस तथा आरटीओ विभाग नर्मदापुरम ने स्पष्ट किया है कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय अनुसार वाहनो के कांच पर किसी भी पारदर्शिता और किसी भी प्रकार की फ़ल्मि नियम विरुद्ध है और प्राइवेट वाहन में नम्बर प्लेट पर नंबर के अतिरिक्त कुछ लेख किया जाना या इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की प्लेट लगाना मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है भविष्य में इनके विरुद्ध लगातार कार्यवाही जिले भर में की जाएगी अतः कृपया नियमों का पालन करें, जांच दल में आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान, यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा के साथ समस्त जांच दल शामिल रहा।

### आईडीए के दंत चिकित्सो ने किया निशुल्क परीक्षण

**नर्मदापुरम।** आईडीए नर्मदपुरम के दन्त चिकित्सो द्वारा अपने अपने निजी क्लिनिक में एक साथ एवं एक ही समय पर मुख एवं दन्त परीक्षण कर एक कीर्तिमान स्थापित किया। इस शिविर का लाभ 500 से अधिक मरीजों को मिला एवं आईडीए शाखा के सभी दंत चिकित्सको ने अपनी एकजुटता का परिचय दिया। यह निःशुल्क परीक्षण शिविर विश्व स्वास्थ दिवस पर प्रेसिडेंट डॉ ममता चौहान और सेक्रेटरी डॉ सुनील रघुवंशी के नेतृत्व में किया गया। ये अपने आप में एक अनूठा प्रयास था। नर्मदपुरम में 30 सदस्य आईडीए के सदस्य है। सभी ने इस पुण्य काम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### मतदान में भागीदारी करने के लिए लिखी पाती एवं चिट्ठी

**नर्मदापुरम।** शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप अभियान की गतिविधियां के तहत निर्वाचन साक्षरता क्लब (ई.एल.सी.) के द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने पालकों को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पाती एवं चिट्ठी लिखी।

### तूल पकड़ रहा है बगीचे को उजाड़ कर दुकान बनाने का मामला

# जनपद ने बगैर टेंडर के कामथ को बना दिया निर्माण एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



जनपद कार्यालय के सामने बने वर्षों पुराने बगीचे और वृक्षों को काटकर बनाए जा रही दुकानों का मामला तूल पकड़ता जा रहा है । निर्माण प्रक्रिया में अनियमिताओं की चर्चाओं के बीच कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर हो रहे हैं।

जानकार बताते हैं कि जनपद कार्यालय के सामने पांच दुकानों का निर्माण 15 वित्त आयोग जनपद निधि से किया जाना है। जिसकी लागत लगभग 13 लाख होगी किंतु पांच दुकानों के निर्माण में जनपद कार्यालय ने टेंडर प्रक्रिया का पालन ही नहीं किया सीधे ग्राम पंचायत कामथ को निर्माण एजेंसी बना दिया गया और काम प्रारंभ हो गया। मजेदार बात यह है कि जब कामथ पंचायत के उपन्यत्री राजेश विश्वकर्मा से यह पूछा गया कि क्या ग्राम पंचायत अपनी ग्राम पंचायत की सीमा से बाहर निर्माण कार्य करा सकती है तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में उन्हें जानकारी नहीं है। अब बड़ा प्रश्न यह है कि जब कामथ ग्राम पंचायत के उपयंत्री को ही यह जानकारी नहीं है कि ग्राम पंचायत अपनी सीमा के बाहर निर्माण कार्य कर सकती है या नहीं तब जनपद कार्यालय ने कामथ को निर्माण एजेंसी कैसे बना दिया और वर्षों की मेहनत के बाद बने हरे भरे बगीचे को उजाड़ कर जनपद कार्यालय के सामने बनाई जा रही पांच दुकानों के लिए तकनीकी मार्गदर्शन कौन प्रदान कर रहा है।

#### इनका कहना

जनपद कार्यालय के बगीचे को हटाकर दुकान निर्माण में टेंडर प्रक्रिया नहीं की गई है। जनपद ने सीधे कामथ को एजेंसी बनाया है। ग्राम पंचायत अपने सीमा से बाहर निर्माण कर सकती है अथवा नहीं इसकी जानकारी नहीं है।

**राजेश विश्वकर्मा**
उपयंत्री ग्राम पंचायत कामथ जनपद पंचायत मुलताई

#### संपूर्ण नगर की शान जनपद का बगीचा

*जनपद कार्यालय के सामने बना बगीचा संपूर्ण नगर की शान माना जाता था ।जिसमें लगे हरे भरे वृक्ष को काटकर दुकान निर्माण करने का का निर्णय एक गंभीर मामला था ।जिसमें शासन से स्वीकृति प्राप्त करनी चाहिए थी इतना बड़ा निर्णय सिर्फ एक जनपद प्रस्ताव के आधार पर कैसे लिया जा सकता है यह विचारणीय प्रश्न है। इससे भी बड़ा चौंकाने वाला मुद्दा यह है कि अपने आप को नगर और क्षेत्र का हितैषी बनाने वाले लोग मौन क्यों है।*

## रक्तदान शिविर और कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया।

सर्वप्रथम कैंसर पीड़ित व्यक्तियों के जीवन में मुस्कुराहट लाने के उद्देश्य से हेयर फॉर होप इंडिया एवं प्रोजेक्ट योर मॉम संस्था के सौजन्य से केश दान कैंप का आयोजन किया गया जिसमें इस संस्था से आउटस्टैंडिंग ब्रांड एंबेसडर के रूप में गौरी बालापूरे पदम के नेतृत्व में महाविद्यालय की प्रो नीतू जायसवाल माहोरे , छात्राओं कु.रोशनी यादव व कु.मेघा जांगड़े तथा शाहपुर नगर से श्रीमती रुचि महतो एवं श्रीमती सीमा महतो ने अपने केश दान किये केश का संग्रह वंदना शुक्ला ड्रीमअप पार्लर बैतूल तथा डोरी पलेरिया रूप सिंगार ब्यूटी पार्लर,पूनम राठौर शाहपुर द्वारा किया गया। इसी क्रम में रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय बैतूल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों के दल ने परिसर में 25 रक्तदान दाताओं के रक्त का संग्रहण किया इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा 40 विद्यार्थियों एवं कॉलेज स्टाफ का रक्त परीक्षण भी किया गया इसी कड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सफलता के विभिन्न आयाम विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संयोजक डॉक्टर एस डी डोंगरे जे. एच शासकीय महाविद्यालय बैतूल सुश्री मेधा मालवीय कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल श्री शंकर सातनकर कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय महाविद्यालय भीमपुर डॉ राधा आशीष पांडे क्रीड़ा एवं कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा जिला नर्मदा पुरम ने कार्यशाला को संबोधित किया आर.डी परेड में सहभागिता करने वाले छात्र आयुष ढीरोड़े एवं पचोर जिला राजगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर में सहभागी विद्यार्थी अंजलि नागौर तथा अनिल धुर्वे ने भी अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किये। कार्यक्रम में मैं अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम.डी वाघमारे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरक गीत द्वारा विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।

## क्राइम ब्रांच नागपुर और आठनेर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से चोरी की 15 बाइक जब्त करने में मिली सफलता



बैतूल। विगत 15 वर्षो से आठनेर निवासी राहुल खाकरे नागपुर में निवास कर रहा था तथा चोरी के आरोप में नागपुर जेल में बंद था जो जनवरी में नागपुर जेल से छूटा है। नागपुर में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं के सम्बंध में इस पर स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार निगाह रखी जा रही थी। आज प्रातः नागपुर क्राइम ब्रांच रूरल एवं आठनेर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए राहुल एवं उसके भाई दिनेश पिता सुखचंद खाकरे, साला राधेश्याम से पूछताछ पश्चात उनकी निशानदेही पर चोरी की कुल 15 बाईक आरोपी से जप्त करने में सफलता प्राप्त की। आरोपियों से अन्य अपराधों के संबंध में भी विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

### पूरनलाल सोनी शिक्षा समिति 24 वर्ष से कर रही है कार्य

## 40 लाख रुपए की छात्रवृत्ति का लाभ ले सकते हैं 700 विद्यार्थी पार्ट-टू में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

पीएलएस इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययनरात एवं एडमिशन लेकर पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप (छात्रवृत्ति) के रूप में 40 लाख रुपए की सहायता दिए जाने का निर्णय पूरनलाल सोनी शिक्षा समिति के माध्यम से लिया गया है।

इसको लेकर 50 प्रश्नों का एक चिन्हित परीक्षा 17 मार्च को सुखाढाना में आयोजित की जा चुकी है पार्ट टू के अंतर्गत 23 मार्च को यह परीक्षा दोबारा आयोजित की जा रही है।पूरनलाल सोनी शिक्षा समिति के माध्यम से विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने के लिए निशुल्क वाहन की भी सुविधा परीक्षा के दिन उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा।पूरनलाल सोनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष लोकेश सोनी के माध्यम से जानकारी देते हुए बताएं की कक्षा दूसरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी छात्र इस चिन्हित परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं 695 छात्रों को 40 लाख रुपए की छात्रवृत्ति स्कूल फीस के रूप में दी जाएगी,उन्होंने बताया कि समिति द्वारा संचालित विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए एवं अन्य विद्यालय से आकर प्रवेश लेकर पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए यह किसी वरदान से काम नहीं होगा। उन्होंने यह भी बताया कि माता-पिता की मदद के रूप में बच्चे अपनी परीक्षा में 50 प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर छात्रवृत्ति का लाभ अर्जित कर सकते हैं।पीएलएस इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष लोकेश सोनी ने बताया कि प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये, ट्यूशन फीस 50 हजार की छात्रवृत्ति चार छात्रों, 25 हजार की छात्रवृत्ति 10 छात्रों को एक लाख की छात्रवृत्ति 50 छात्रों को दी जाएगी इस तरह 100 छात्रों को 7500 रुपए और 500 छात्रों को 3500 रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्रवृत्ति परीक्षा में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को दिए जाने का प्रावधान समिति के माध्यम से रखा गया है। उन्होंने बताया कि लगभग 700 विद्यार्थियों को 40 लाख रुपए की सुविधा देकर विद्यार्थियों के अभिभावकों को आर्थिक मदद देने का काम उनकी संस्था के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताएं की परीक्षा शनिवार को 23 मार्च सुबह 11 पीएलएस इंटरनेशनल स्कूल सुखाढाना मे आयोजित होगी 50 प्रश्नों के लिए 90 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। 40 लाख के स्कॉलरशिप के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी 23 मार्च को 11 बजे आयोजित होने वाली 50 प्रश्नों के चिन्हित जवाब देकर इसका लाभ अर्जित कर सकते हैं।

## शांति समिति की बैठक का आयोजन, आचार संहिता के पालन की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

ब्लॉक के खेड़ली बाजार में आगामी त्योहारों के मद्देनजर बोरदेही थाना परिसर में प्रशासनिक अधिकारीयों द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नायब तहसीलदार श्याम बिहारी समेले एवं नवागत थाना प्रभारी राजन उईके मौजूद रहे साथ ही थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में गृह विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी गाइडलाइन से सभी नागरिकों को अवगत कराया गया।अधिकारियों द्वारा न्यायालय, निर्वाचन आयोग एवं शासन प्रशासन के निर्देशों का सख्ती से पालन करने की बात कही गई। अधिकारियों द्वारा आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए त्योहारों को मनाने की अपील की गई।

#### आदर्श आचार संहिता का हो पालन

नायब तहसीलदार श्याम बिहारी समेले ने बताया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया साथ ही आदर्श आचार संहिता के संबंध में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने आगे बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं तथा इनका कड़ाई से पालन करने हेतु आदेशित किया है। सभी धार्मिक स्थलों पर निर्धारित मापदंड अनुसार ही लाउडस्पीकर एवं ध्वनि यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा। कोलाहल एवं ध्वनि यंत्रों के निरीक्षण के लिए विधिवत्त दिशा निर्देश जारी किए गए हैं तथा नोडल अधिकारी नियुक्त किए जा रहे हैं।

#### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

बोरदेही थाना प्रभारी राजन उईके ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार होली एवं अन्य त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए थाना परिसर में शुक्रवार शाम शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित थे। उन्होंने आगे बताया कि शांति समिति की बैठक में सभी गणमान्य नागरिकों से सुझाव मांगे गए एवं सभी से अपील की गई की आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए त्योहारों को मनाया जाए। उन्होंने कहा कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से नायब तहसीलदार श्याम बिहारी समेले, नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक राजन उईके, भवानी प्रसाद सूर्यवंशी, राजेन्द्र मंडल,गुरमीत सलूजा, नरेंद्र चचढ़ा,अनीष साहू, प्रेमनारायण मालवीय,रोशन भुम्मरकर, आनंद वाईकर, सचिन सूर्यवंशी, नवीन सूर्यवंशी सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

#### कार अग्निकांड में उस्मान- शोयब पर एफआईआर दर्ज

*बैतूल। शोभापुर कॉलोनी में साइकिल दुकान पर कार में गैस रिफिलिंग के दौरान आग लगने की घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को जिला प्रशासन और पुलिस हरकत में आई। और पुलिस ने घरेलू गैस सिलेंडर से कार में रिफिलिंग करते समय की लापरवाही के कारण दुकान संचालक हाजी उस्मान खान और उसके नाती शोहेब खान पर धारा 285 और 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया। आरोपी से दो घरेलू गैस सिलेंडर, 1 कार, 1 गैस किट, एक गैस फिलिंग मोटर जब्त की। कार में आग लगने की घटना के बाद भी प्रशासन दूसरी जगह चल रहे अवैध रिफिलिंग दुकानों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है।*

## वोटर आईडी मांगकर वाहन चालकों का किया जा रहा टोल पर पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी




पहले गाड़ी के नंबर के साथ होता था पंजीयन

बैतूल के कमानी गेट से लेकर परासिया तक बने मिनी हाईवे पर ग्राम पंचायत पांढरा पर स्थित टोल प्लाजा में अब वोटर आईडी देखकर वाहनों का एक माह का पास बनाने का नियम शुक्रवार से शुरू किया गया है। जबकि मध्यप्रदेश सड़क डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक के माध्यम से इस तरह का किसी भी तरह का कोई नियम पारित किए जाने से संबंधित जानकारी देने से इनकार कर दिया गया है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि स्थानीय स्तर पर सुखाढाना,सलैया, बगडोना, शोभापुर, पाथाखेड़ा, सारनी क्षेत्र के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने चार पहिया वाहन का एक माह का पास बनाते हैं और एक माह के पास के टोल प्लाजा संचालकों के माध्यम से 105 रुपए की राशि ली जाती है लेकिन शुक्रवार को कई वाहन मालिक जब टोल प्लाजा पर पंजीयन के लिए पास के लिए गए तो उन्हें यह कहकर चला कर दिया गया कि वोटर आईडी लेकर आओ पाथाखेड़ा के राजेंद्र नगर में निवास करने वाले राजू सोनी को जब ऐसा कहा गया तो उन्होंने मध्यप्रदेश सड़क डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक दिनेश स्वर्णकार से चर्चा करने के बाद टोल प्लाजा पर गए और फिर दोबारा टोल प्लाजा पर पहुंचने के बाद संबंधित कर्मचारियों ने वोटर आईडी नहीं मांग। आश्चर्य की बात यह है कि केंद्र सरकार के परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के माध्यम से टोल प्लाजा फास्ट ट्रैकिंग से बाहर किया जा रहा है और पाढरा टोल प्लाज चार पहिया वाहन चालकों को नए-नए नियम बताकर उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान करने का कार्य किया जा रहा है जो न्याय संगत नहीं।

#### इनका कहना है

वोटर आईडी लेकर पास बनाने से संबंधित ऐसी कोई दिशा निर्देश जारी नहीं हुए हैं इसकी जानकारी लेकर फिर मैं आपसे चर्चा करता हूं पूर्व की भांति ही घोड़ाडोंगरी के टोल प्लाजा पर पास बनाने का कार्य किया जाएगा ।

दिनेश स्वर्णकार
महाप्रबंधक एमपीआरडीसी नर्मदापुरम

#### नियम के विरुद्ध निर्माण किया गया पाढरा में टोल प्लाजा

*बैतूल के कमानी गेट से लेकर परासिया तक सड़क निर्माण करने का काम दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के माध्यम से किया गया और मध्यप्रदेश सड़क डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के माध्यम से इसकी देखरेख की गई है कि 65 किलोमीटर की दूरी पर टोल प्लाजा का निर्माण किया जाना था लेकिन तत्कालीन समय में सब लोगों की एक विचार होने की वजह से बैतूल के कमानी गेट से लेकर टोल प्लाजा की दूरी केवल 29 किलोमीटर है और 29 किलोमीटर पर ही टोल प्लाजा का निर्माण कर दिया गया पिछले कई वर्षो से यह टोल प्लाजा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहा है। ऐसा नहीं कि इसकी शिकायत विभाग के कई स्थानों पर की गई लेकिन विभाग के बडे अधिकारियों का कहना है कि अब पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुसार वर्तमान समय में कार्य नहीं किया जा सकता इसलिए पुरानी बात नहीं की जानी चाहिए जबकि एक टोल से दूसरे टूल की दूरी लगभग 65 किलोमीटर की होना चाहिए लेकिन संबंधित निर्माण अधीन कंपनी के माध्यम से बैतूल से 29 किलोमीटर की दूरी पर एक टोल प्लाजा का निर्माण किया गया है और दूसरा टोल प्लाजा छिंदवाड़ा जिले के एकलहर में निर्माण किया गया है इस टोल प्लाजा की वजह से स्थानीय लोगों को आर्थिक नुकसान का सामना भी करना पड़ रहा है।*

## एकलव्य आवासीय विद्यालय के रसोइये परेशान

**शाहपुर**। एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्रावास के रसोइयों ने अनुविभागीय अधिकारी को अपनी परेशानियों से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि 21 मार्च को हम सभी 11 कर्मचारियों को कार्य से निकाल दिया गया है। साथ ही जो मानदेय 5000 हजार रुपए मिलता था, वह भी सही नहीं दिया गया। मानदेय पहले 5000 दिया जाता था। शिकायत के बाद बढ़ाकर 6000 कर दिया था। अन्य जगहों पर 9650 मानदेय दिया जाता है।

हमारे यहां मानदेय बढ़ाया नहीं गया। हम लोग 6000 के मानदेय पर कार्य करने को तैयार थे परंतु हमें बिना बताए अचानक कार्य मुक्त कर दिया। हम चाहते हैं कि हमें पूर्व की तरह काम दिया जाए। 9650 का मानदेय प्रति माह दिया जाए। इसीलिए हमने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपना आवेदन प्रस्तुत किया। रसोइयों के द्वारा बताया कि हम लगभग 14 , 15 वर्षों से इस छात्रावास में रसोइयों के पद पर कार्य को करते चले आ रहे हैं। हम अपना कार्य पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करते हैं आज तक हमारी कोई शिकायत नहीं हुई है आज हम सभी रसोइयों को हमें काम से निकलने के बाद हमारी स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी है। और हमारे परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो चुका है । हम सभी रसोइयों के मानदेय को प्राप्त कर अपने परिवार का पालन पोषण करते चले आ रहे हैं। और अपनी जीविका का यापन करते हैं छात्रावास से निकाल दिए जाने के बाद हमारी पारिवारिक स्थिति बहुत दयनिय हो गई है।

### मूंग की फसल के लिए जलाशय का पानी छोड़े जाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सारनी**। ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल में रानीपुर जलाशय का पानी दिए जाने की मांग भारती किसान संघ के माध्यम से की गई है।शुक्रवार को भारतीय किसान संघ मध्य भारत प्रांत के जिला अध्यक्ष अशोक मलैया ने बताया की ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल लगाने का कार्य किसानों के माध्यम से किया जा रहा है।ग्रीष्मकालीन मूग लगाने में रानीपुर जलाशय का पानी किसानों के लिए वरदान साबित होगा श्री मलैया ने बताया कि कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर ग्रीष्मकालीन मूंग में किसानों को रानीपुर जलाशय के पानी दिए जाने की मांग की गई उन्होंने बताया कि इस वर्ष रानीपुर जलाशय में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध है क्षेत्र के किसानों की मांग है की ग्रीष्मकालीन मूग में रानीपुर जलाशय से पानी छोड़ने से क्षेत्र का रकब बढ़ेगा और किसानो की आय में बढ़ोतरी होगी ऐसी स्थिति को देखते हुए भारतीय किसान संघ मध्य भारत के जिला अध्यक्ष अशोक मलैया के माध्यम से कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपकर रानीपुर जलाशय का पानी छोड़ जाने की मांग की गई है।ताकि किसान बड़े उत्साह के साथ मूंग की फसल अपने खेत में लगाकर पैदावार में बढ़ोतरी कर सके।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी ने की कार्रवाई, 2700 किलो लाहन नष्ट

**भैंसदेही**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी जिला बैतूल के निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह चढ़ार के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, बिक्री, संग्रहण एवं परिवहन के रोकथाम के लिए वृत्त बैतूल में आबकारी एवं पुलिस के द्वारा ग्राम चिखलार, मरामझिरी, हर्रा ढाना, कत्तल ढाना, हमलापुर, सोमवारी पेठ, बोडी के अड्डों में सामूहिक दबिश की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में अलग-अलग स्थानो से कुल 2700 किलो महुआ लाहन नष्ट एवं 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 14 पाव देशी प्लेन मदिरा जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क /च, के अन्तर्गत कुल 06 प्रकरण कायम किया गया है। जप्त मदिरा और नष्ट किये गए महुआ लाहन का अनुमानित मूल्य 279910 रूपये है। इस कार्यवाही के दौरान वृत्त बैतुल प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक गौरव पाण्डेय, आबकारी उप निरीक्षक सुरेंद्र देवांगन, आबकारी उप निरीक्षक राजेश वट्टी, परि. आबकारी उप निरीक्षक पंकज लोखंडे एवं पुलिस स्टॉफ, आबकारी आरक्षक, नगर सैनिकों, का योगदान रहा।उक्त कार्यवाही निरंतर जारी है।

## प्रमोद कुमार बने डब्ल्यूसीएल कंपनी सुरक्षा बोर्ड के सदस्य, सुरेश पाटिल के बदलने पर हुआ परिवर्तन

**सारनी**। वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड डब्ल्यूसीएल कंपनी सुरक्षा बोर्ड सदस्य में नवीन मनोनीत करते हुए सुरेश पाटिल के स्थान पर प्रमोद कुमार को कंपनी सुरक्षा बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ बीएमएस के एरिया अध्यक्ष प्रमोद कुमार को कंपनी सुरक्षा बोर्ड सदस्य के रूप में नवीन मनोनयन किया गया है।प्रमोद कुमार अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ बीएमएस के पाथाखेड़ा के एरिया अध्यक्ष हैं और उनके मनोनीत होने पर सुरक्षा बोर्ड में संगठन को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है,स्थानीय स्थार के श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण अब पहले से बेहतर तरीके से होने की संभावना बनी हुई है।बताया जाता है कि यह नियुक्ति अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुधीर घुरडे के माध्यम से की गई है और इसकी सूचना भी वेकोलि स्थार के सह प्रबंध निदेशक सहित अन्य अधिकारियों को देने का कार्य किया गया है प्रमोद कुमार के कंपनी सुरक्षा बोर्ड सदस्य मनोनीत होने पर उन्हें ईस्ट मित्रों के माध्यम से बधाई देने का सिलसिला जारी है।

### स्टेशन मार्ग पर अतिक्रमण के चलते आवागमन हो गया मुहाल

# अतिक्रमण की चपेट में नगरी, मुख्यमार्ग पर लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगरीय क्षेत्र में आए दिन लगते जाम और होती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की जब भी बात आती है लोग अतिक्रमण हटाए जाने की बात करते हैं प्रशासन भी दो-तीन दिन अतिक्रमण हटाओ मुहिम चला कर औपचारिकता निभा देता है किंतु थोड़े ही दिनों में स्थिति सामान्य हो जाती है और नगर के मुख्य मार्गो पर दो पहिया वाहन तो दूर पैदल चलना कठिन हो जाता है। अभी कुछ ही दिन गुजरे हैं जब जिला कलेक्टर के आदेश से पुलिस, राजस्व और नगर पालिका की टीम ने नगर के मुख्य मार्ग मासोद रोड तीराहे से लेकर कामथ तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी ।

किंतु अभी एक महा भी नहीं बीता है कि नगर के मुख्य मार्ग पर थाने से लेकर नाका नंबर एक तक दोनों और फुटपाथ पर व्यापारियों का कब्जा हो गया है और अनेक दुकानें फुटपाथ से भी बाहर आ गई है। भारी वाहनों का नगर के मुख्य मार्ग से गुजरना प्रतिबंधित है किंतु उसके बावजूद भी यहां भारी वाहनों का आवागमन निरंतर हो रहा है और जैसे ही यह भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं अतिक्रमण के चलते जाम लग जाता है। पिछले दिनों जिला कलेक्टर के आदेश के बाद सक्रिय हुए स्थानीय प्रशासन ने 2 दिन के औपचारिकता के बाद अतिक्रमण मुहिम बंद कर दी और नतीजा यह कि जिन मार्गों पर अतिक्रमण नहीं पहुंचा था वहां आज बेहताशा अतिक्रमण हो गया है जहां गंभीर हादसा हो सकता है इसका उदाहरण मुलताई से स्टेशन मार्ग पर देखा जा सकता है।






#### वाहन पार्किंग स्थल एवं चौपाटी नगर बन गया स्टेशन मार्ग

फवारा चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक मार्ग पर अतिक्रमण बेहतासा फैल रहा है। स्थितियां यह है कि संपूर्ण मार्ग वाहन पार्किंग स्थल बन गया है। जगह-जगह खड़े वाहन एवं चौपाटी की दुकाने गंभीर दुर्घटनाओं को आमंत्रण देती प्रतीत होती है। पिछले दिनों नगर पालिका ने यह सभी चार्ट ठेलो के लिए चौपाटी स्थल निर्माण किए जाने की योजना बनाई थी जो कि सिर्फ चर्चा बनकर रह गई। दूसरी ओर नगर पालिका ने पुराने अस्पताल के पास पार्किंग स्थल बनाकर रखा है किंतु अधिकांश वाहन स्टेशन मार्ग पर खड़े रहते हैं नगर पालिका पार्किंग स्थल में वाहन न खड़े करके मार्ग पर खड़े करने वालों को हटाकर चालानी कार्रवाई कर सकती है किंतु आज तक ऐसा नहीं हुआ। यहां हाथ ठेले से लेकर ऑटो, फल फ्रूट की दुकान मार्ग के बाहर तक खडी दिखाई देती है और बोरदेही की ओर जाने वाली यात्री बसें भी इसी मार्ग से गुजरती है जिससे कभी भी हादसा हो सकता है।

#### श्री राम मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया

शाहपुर। आज प्राचीन सिद्ध राम मंदिर में अखंड रामायण का आयोजन किया गया। भक्त पुष्पा दुर्गा प्रसाद मिश्रा बिलासपुर के द्वारा बताया गया, कि जब वह आमधाना स्थित सिद्ध लँमटी बजरंग मंदिर पहुंची वहां भगवान के दर्शन करने के बाद उनके मन में विचार आया, कि उनके द्वारा अखंड रामायण करने का भगवान के दरबार में संकल्प लिया गया था परंतु वह भूल गई थी। किसी कारणवश ।भगवान के दरबार में याद आते ही उनके द्वारा प्राचीन सिद्ध मंदिर श्री राम मंदिर में अखंड रामायण का आयोजन उनके द्वारा किया गया ।सभी शाहपुर के भक्त नागरिकों के द्वारा इसमें सहयोग किया गया ।एवं सनातनी धर्म के हिंदू महिला पुरुष इस अखंड रामायण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। और बहुत ही सुंदर भक्ति मय भाव से रामायण का पाठ किया गया 24 घंटे किया गया। एवं अखंड रामायण का पाठ संपूर्ण होने के बाद पश्चात आरती, पूजन, हवन कर, प्रसादी वितरण किया गया। जिसका लाभ सभी सनातनी भक्त जनों ने उठाया।

## सब्जी का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए मुसीबत

# आगजनी की घटना को रोकने की जा रही बिजली कटौती, किसान परेशान

**किसानों के खेतों खड़ी गेहूं एवं चने की फसलों को शॉर्ट सर्किट से लगने वाली आज जनी की दुर्घटना से बचाव के लिए किया जा रहे उपाय के तहत ग्रामीण सरपंच की मांग पर बिजली सप्लाई मात्र 1 घंटे के लिए पेयजल हेतु दिए जाने से उसी ग्राम के सब्जी उत्पादक किसान अपने खेतों में लगी सब्जी की फैसले पानी के अभाव में तेजी से सुख कर बर्बाद होने के कारण परेशान हैं।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

सब्जी उत्पादक किसान राधेश्याम कुशवाहा की शिकायत पर जब हमारे हरिभूमि प्रतिनिधि ने ग्राउंड जीरो पर जाकर खेत में काम कर रहे उक्त कृषक से बात की तो उसने रोते हुए सर पकड़ कर कहा कि भैया हम छोटे किसान अपनी 12 एकड़ की जमीन पर सब्जी की फसल लगाकर अपना जीवन यापन करते हैं और यही हमारे भरण पोषण का मुख्य व्यवसाय है अभी आप यह देख रहे हैं सामने जो भिंडी की फसल लगी हुई है पिछले तीन दिनों से पानी नहीं मिलने के कारण सूख रही है यदि एक-दो दिन बिजली नहीं मिली तो हम इस क्षेत्र के सभी सब्जी उत्पादक किसानों की फसल पानी के अभाव में पूर्ण रूप से सूख कर खराब हो जाएगी।

सब्जी उत्पादक किसानों की उक्त समस्या को लेकर हमने जब स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि से बात की तो उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं फसल मैं होने वाली आगजनी की घटनाओं को देखते हुए बिजली कटौती का आवेदन किसानों की मांग पर दिया है यदि सब्जी उत्पादक किसानों को नुकसान हो रहा है तो शाम 5:00 बजे के बाद उन्हें बिजली प्रदान करने के लिए हम अधिकारियों को पुनः आवेदन करेंगे जिससे हमारे गांव के सब्जी उत्पादक किसानो की फसले न सूख पाऐं एवं गेंहू की फसलों को भी साथ सर्किट के नुकसान से बचाया जा सके दोनों ही किसान हमारे अपने ही हैं।

बिजली विभाग के स्थानीय जवाबदेह अधिकारी से बात की तो उन्होंने कहा कि सरपंच के लिखित आवेदन पर फसलों को नुकसान ना हो इस हेतु बिजली कटौती की व्यवस्था की गई है यदि सब्जी उत्पादक किसान भी उसी गांव के हैं और सरपंच उनके लिए बिजली की मांग करते हैं तो दुर्घटना ना हो सब्जी उत्पादक किसानों की फसले भी ना सूखें इसको देखते हुए शाम 5:00 बजे से हम उन्हें बिजली प्रदान कर देंगे। समय रहते सब्जी उत्पादक किसानों की समस्या का हल नहीं किया गया तो एक-दो दिन में पानी के अभाव में सब्जी की फैसले सूखकर नष्ट हो जाएंगे और किसान बर्बाद हो जाएंगे।

### इनका कहना है

बिजली के शॉर्ट सर्किट से खेतों में आज जाने की घटनाओं को देखते हुए ग्राम हित में कटौती की मांग की गई थी सब्जी उत्पादक किसान भी हमारे गांव के हैं उनकी फसल खराब ना हो उसके लिए शाम 5:00 बजे से बिजली सप्लाई चालू करने का आवेदन दे देंगे।

**संजय सिंह चौधरी,** सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत पथरई

सरपंचों के लिखित आवेदन मे की गई मांग पर कटौती की जा रही है सब्जी उत्पादक किसानों की मांग है तो शाम 5:00 बजे के बाद बिजली दे सकते हैं जिससे दुर्घटना की संभावना कम है।

**रवि शंकर धुर्वे,** कनिष्ठ अभियंता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सेमरी हरचंद

# ग्राम कुठारिया में किया आवासीय विशेष शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



श्री माखन लाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर का सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर ग्राम कुठारिया में संचालित था। जिसका गुरूवार को महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे की मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। शिविरार्थियों द्वारा लक्ष्य गीत गाकर शिविर का समापन किया। समापन अवसर पर प्रो डीएस खत्री, एनसीसी लेफ्टिनेंट आईएस कनेश लाइब्रेरियन, अजय मेहरा एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। स्वयं सेविकाओं द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं मुकुट पहनाकर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नैना यादव द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई इसके पश्चात शिवानी प्रजापति एवं अनुष्का अग्रवाल द्वारा एक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया और श्वेता बॉथरी, वर्षा यादव एवं पायल बघेल द्वारा भी आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई क्रमांक 2 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीता साहू द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शिविर दर्पण प्रस्तुत किया गया इस कार्यक्रम का मंच संचालन पायल बघेल एवं शिवानी प्रजापति द्वारा किया गया इसके पश्चात आभार शिखा प्रजापति द्वारा व्यक्त किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनीता साहू सहित समस्त शिविरार्थियों को शिविर के सफल संचालन पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी। साथ ही शिविर में सहायक के रूप में श्रीमती मंजू मेहरा व सातों दिवस अपनी कर्तव्य पर सजग रहे श्री अशोक पाटिल को भी शिविर में सहयोग हेतु शुभकामनाएं दी।

# मॉडल स्कूल में कक्षा 9वीं में प्रवेश प्रक्रिया जारी है

## आवेदन की अंतिम तिथि 30 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



विकास खण्ड स्तरीय शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माखन नगर में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आवेदन प्रारंभ हो गए है। मॉडल उत्तर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य प्रीति झा ने बताया संयुक्त चयन परीक्षा सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 मार्च है। प्रवेश के लिए अन्य माध्यमों से भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिससे इच्छुक विद्यार्थी विद्यालय में प्रवेश ले सकें विद्यार्थी एमपी ऑनलाईन कियोस्क या स्वयं ऑनलाईन आवेदन दर्ज कर सकते है।

### मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण

**सिवनी मालवा।** शासकीय कुसुम महाविद्यालय में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण आज प्रारंभ हुआ। जिसमे विधानसभा सिवनी मालवा के मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दो पाली में मास्टर ट्रेनर्स की उपस्थिति में दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से बताया गया। मतदान कर्मियों के आचरण नियम, पीठासीन अधिकारी के दायित्व मतदान, अधिकारी क्रमांक एक, दो एवं तीन के दायित्व, टेंडर मत, अभ्याक्षेपित मत, दिखावटी मतदान के पश्चात ईवीएम मशीन को सीआरसी करना, मतदान समाप्ति के पश्चात क्लोज बटन दबाना अनिवार्य है।

# लोस चुनाव को लेकर दिया जा रहा अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तैयारी में जुट गया है जिसके लिए सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल में निर्वाचन प्रशिक्षण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें मास्टर ट्रेनर प्रदीप शर्मा श्री लाल रघुवंशी ने बताया कि दो पारियों में अधिकारी कर्मचारियों को सात ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मैं 1505 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है पहली पारी में 350 लोगों को अलग-अलग कक्ष क्रमांक में 50-50 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है उनमें भी निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारी 350 में से पांच कर्मचारी पहली पारी में तथा दूसरी पारी में 10 कर्मचारी अनुपस्थित रहे हैं। ईवीएम मशीन का संचालन एवं उसे सील करने की सारी प्रक्रिया मास्टर ट्रेनर के द्वारा बताई जा रही है तीन दिवस का यह प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है 21 मार्च से 23 मार्च तक प्रशिक्षण हो रहा है प्रथम पाली सुबह 10:00 बजे से 1:00 बजे तक दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक संचालित की जा रही है। जिसमें लक्ष्मी नारायण मालवीय विजय मांझी बसंत निघवाल विनय मोहन शर्मा राकेश दिलावरे संजीव दुबे प्राचार्य सीएम राइस विकास कुमार सिंह अजय दुबे इमरान खान महेंद्र चौक से मनीष जैन एसके मेहरा शरद राय रामशंकर खंडेलवाल इन लोगों के द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शासन के द्वारा व्यवस्थाएं की गई है रिजर्व दल में प्रदीप शर्मा ए के राकेशीय इन लोगों के द्वारा भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस तरह से चुनावी प्रक्रिया लगातार चल रही है जिसमें निर्वाचन अधिकारी संतोष तिवारी लगातार नजर बनाए हुए हैं।

# लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शुक्रवार को यहां कविवार भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत समस्त कार्यकर्ताओं की बैठक में कई प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डहेरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा, परियोजना अधिकारी केसला योगेश घाघरे, प्रभारी परियोजना अधिकारी इटारसी दीप्ति शुक्ला, एनएनएम हिना खान, प्रधान पाठक महेश कुमार रैकवार स्वास्थ्य विभाग से सुनील साहू, समस्त आशा कार्यकर्ता, एएनएम पर्यवेक्षक अर्चना बस्तवार, पूनम मौर्य, मीना गाठले, राखी मौर्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा एवं एएनएम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा ने सभी को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई एवं रैली निकाली गई।

### इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

पिछले लोकसभा चुनाव में जिन मतदान केंद्रों में वोटिंग परसेंटेज 60 प्रतिशत से कम है, वहां पर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करना ह ताकि जिले का न्यूनतम लक्ष्य 85 प्रतिशत वोटिंग को प्राप्त किया जा सके। जिला स्तर से स्वीप एक्टिविटी के कैलेंडर तैयार किया है, जिसके अनुसार मतदाताओं को जागरूक, प्रेरित करने हेतु गतिविधि दी गयी हैं जिनका प्रभावी रूप से आयोजन करना है। आंगनबाड़ी केंद्रों एवं किसी भी सरकारी संस्था में एवं आसपास किसी भी प्रकार का राजनीतिक पोस्ट एवं सामग्री ना हो। आंगनबाड़ी केंद्रों में समुदाय आधारित गतिविधि अंतर्गत मंगल दिवस एवं टीकाकरण दिवस में आने वाली महिलाओं को वोट डालने हेतु प्रेरित करना है ताकि महिला वोटिंग प्रतिशत बधाई जा सके। नवीन 18 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं, जिनके लिए यह पहला मतदान होगा, उनको वोट डालने हेतु प्रेरित करना है एवं वृद्ध जन जो 80 वर्ष से अधिक हैं, उन्हें भी वोट डालने हेतु प्रेरित करना है। मतदाता पर्ची वितरण में सहयोग करना है। मतदाताओं को पीले चावल देकर आमंत्रित किया जाना है।



# पेट्रोल पंप कर्मियों की सजगता से टला हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे स्टेशन के सामने स्थित एक पेट्रोल पंप के कर्मचारियों की सजगता से शुक्रवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गयी। सुबह यहां एक बाइक में अचानक धुंआ निकलने लगा और आग लग गयी। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने तत्परता से आग बुझाकर बड़ी दुर्घटना का टाल दिया है। यह घटना रेलवे स्टेशन के सामने भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पर एक बाइक में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से हुई थी। आग बढ़ती इससे पहले पेट्रोल पंप कर्मचारियों की सूझबूझ से फायर एक्सटिंग्विशर से आग को बुझा दिया गया। बाइक न्यू यार्ड निवासी किसी अमन दास की बताई जा रही है।

# जंगल को आगजनी से बचाने किया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वन्य प्राणी सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा और होली के पर्व पर कोई आगजनी, जंगल में शिकार महुआ गुल्ली के समय पार्क के अन्दर प्रवेश, पालतू मवेशियों को चराने अंदर न ले जाने के लिए विभाग ने ग्रामीणों को जागरु किया।

अधीक्षक बोरी विनोद वर्मा के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी चूरना रामभरोस पाठक, डिप्टी रेंजर विशाल सिंह चौहान, वनपाल संगीता लोखंडे, दिव्या किरण किस्पोट्टा, वनरक्षक पदम सिंग राजपूत, सुधीर तिवारी, राशिद खान, उमेश दुबे, नीरज मालवीय, राहुल निवोरिया, गणेश नागर, चरण जीत महुबार एवं सुरक्षा श्रमिकों के साथ रहकर डॉग टीना के साथ पार्क से लगे गांव मांदीखोह घाट, मरियारपुरा, मोरपानी, झुनकर, बंगलापुरा घाट, कोतमी बड़चापड़ा घाट, वर्धा घाट आदि गांवों में प्रचार प्रसार और फ्लैग मार्च कर ग्रामीणों को जागरूक किया।

# अवधूत दादा गुरु का शोभापुर नगर आगमन पर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

सवा तीन वर्ष से निराहार मां नर्मदा की प्रदक्षिणा में निकले अवधूत दादा गुरु महराज कल दोपहर 12 बजे अपने भक्तों सहित शोभापुर पहुंचे । शोभापुर पहुंचने पर बरेली मोहल्ले के पास टायल्स की दुकान में स्वागत सत्कार हुआ तो वहीं उनके साथ चल रहे नर्मदा भक्तों को जलपान की व्यवस्था कराई गई।

इसके बाद महराज शोभापुर में जैसे ही सिंगा जी महराज के पास पहुंचे तो उन्होंने मंदिर को देखकर कुछ मिनट मंदिर में बैठकर विश्राम किया तो जगह जगह शोभापुर के भक्तों द्वारा उनके चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए साष्टांग होते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया । शोभापुर के आचार्य पब्लिक स्कूल में दादा गुरु और उनके साथ चल रहे नर्मदा मैया के भक्तों का विश्राम स्थल बनाया गया । जहां पर महाराज श्री ने नर्मदा स्वरूपा कन्या की पूजन अर्चना कर उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।



सैकड़ों की तादाद में चल रहे नर्मदा भक्तों के भोजन की व्यवस्था आचार्य पब्लिक स्कूल में हुई। शोभापुर के श्रद्धालु जनों ने मां नर्मदा की प्रदक्षिणा करने निकले दादा गुरु के अन्यन्न भक्तों की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शोभापुर विश्राम के बाद दादा गुरु का काफिला सोहागपुर के लिए निकल गया। वहीं पंडित ढाबा में दादा गुरू के साथ चल रहे भक्तों का जलपान व चाय करवाई गई। सोहागपुर के पहले करणपुर में हरगोविंद पूर्विया के निवास परउनका स्वागत किया गया। शाम 5 बजे के आसपास सोहागपुर पहुंचे महराज श्री का भक्तों ने उनकी आवभगत की ।

# नहर के पानी की मांग, सौंपा ज्ञापन चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

ग्राम बिसोनी कला के ग्रामीणों ने नहर विभाग सहित कलेक्टर सोनिया मीणा को ज्ञापन सौंप ग्राम बिसोनी कला में नहर का पानी पहुंचाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया की हम सभी किसानों का खेत भिलाडिया माइनर पर ही है, तथा सभी किसान नहर के पानी पर ही निर्भर है। गर्मी के चलते ट्यूबवेल सूखने लगे है। हमारी मांग है की भिलाड़िया माइनर में 27 L तक मूंग का पानी दिया जाए। क्योंकि भूमि जल भी नहीं है भिलाडिया माइनर टेल से 10 किलोमीटर ऊपर हम अपनी मांग रहे हैं। किसानो ने सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी भी दी की यदि जल्द ही प्रशासन के द्वारा भिलाडिया माइनर पर हम किसानों को पानी देने की हमारी मांग को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो हम लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने बताया की ग्राम पंचायत बिसोनी कला की भिलाडिया माइनर पूरी सीमेंट की है जिसके पानी भी बेकार नहीं जाता है। ग्राम बिसोनी के किसान अजीत यादव ने बताया की विगत 5 वर्षों से लगातार हम नहर के पानी की मांग कर रहें है। पर अभी तक प्रशासन के द्वारा ग्राम बिसोनी के किसानो की पानी की समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है। अभी भी हमें प्रशासन से नहर के पानी के लिए गुहार लगाना पड़ रहा है। इस वर्ष भी यदि मूंग की फसल के लिए नहर का पानी नहीं मिलता है तो मजबूरन हम सभी ग्रामीण लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।





### -जाहिर सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का पंजीकृत दस्तावेज लिंक डीड जों कि दिनांक 25/09/2019 गनेश प्रसाद दोहरे आ. छोटेलाल दोहरे नि. पिपरिया वालों ने पुरषोत्तम दास अहिरवार आ. प्रहलाद सिंह नि. पिपरिया के पक्ष में निष्पादित किया था जिसका ई. रजिस्ट्रेशन क्रमांक MP169812019A1664638 पंजीकृत कार्यालय पिपरिया में पंजीकृत है जिसकी मूल प्रति गुम गई है मेरे पक्षकार ने उक्त दस्तावेज की गुम होने की प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 19/03/2024 को पंजीकरण क्रमांक 21329053240074 के द्वारा दर्ज करा दी है यदि यह उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति बैंक या संस्था के पास रहन बंधक या हस्तांतरित या किसी को मिली हो तो या उस पर किसी का कोई हक व अधिकार हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर लिखित रूप से अपना पक्ष प्रस्तुत करे निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार का हक या अधिकार बाबत् कोई सूचना मुझे नहीं मिलेगी तो मेरा पक्षकार उक्त दस्तावेज की प्रमाणित प्रति के आधार पर कर्ज या अन्य कार्यवाही कर सकेगा। सूचना जाने

भवदीय **कपिल तिवारी**
अधिकृत बैंक अधिवक्ता पिपरिया।
मो. नं. - 9893222047

### -जाहिर सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का पंजीकृत दस्तावेज लिंक डीड जों कि दिनांक 06/05/2002 हेमवती बाई उर्फ हेमलता धनानिया पत्नि राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल नि. वीजनवाडा द्वारा मुख्त्यारआम राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल नि. वीजनवाडा वालों ने गनेश प्रसाद आ. छोटेलाल मालवीय नि. पिपरिया के पक्ष में निष्पादित किया था जिसका दस्तावेज क्रमांक 52 ग्रंथ के 976 के पृष्ठ क्रमांक 57 से 61 पर पंजीकृत कार्यालय पिपरिया में पंजीकृत है जिसकी मूल प्रति गुम गई है मेरे पक्षकार ने उक्त दस्तावेज की गुम होने की प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 19/03/2024 को पंजीकरण क्रमांक 21329053240075 के द्वारा दर्ज करा दी है यदि यह उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति बैंक या संस्था के पास रहन बंधक या हस्तांतरित या किसी को मिली हो तो उस पर किसी का कोई हक व अधिकार हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर लिखित रूप से अपना पक्ष प्रस्तुत करे निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार का हक या अधिकार बाबत् कोई सूचना नही मिलेगी तो मेरा पक्षकार उक्त दस्तावेज की प्रमाणित प्रति के आधार पर कर्ज या अन्य कार्यवाही कर सकेगा। सूचना जाने

भवदीय **कपिल तिवारी**
अधिकृत बैंक अधिवक्ता पिपरिया।
मो. नं. - 9893222047


## टैक्सनॉमी ऑफ़ प्लांट्स एंड बड्र्स ऑफ़ सिवनी मालवा विषय पर कार्यशाला आयोजित

# ओजोन रिक्तिकरण, ग्रीन हाउस प्रभाव पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा के इको क्लब के द्वारा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन, पर्यावरण विभाग मप्र शासन के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला टैक्सनॉमी ऑफ़ प्लांट्स एंड बड्र्स ऑफ़ सिवनी मालवा आयोजित की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। स्वागत भाषण देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस के अवसर पर इस समसामयिक विषय पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। हम विकसित हो रहे हैं और विकास के कारण जंगल खेत में बदल रहे हैं, खेत निवास स्थल में और निवास स्थल व्यावसायिक क्षेत्रों में विकसित हो रहे हैं। हम विकास को तो नहीं रोक सकते लेकिन जीवनशैली ऐसी विकसित की जा सकती है जिससे पर्यावरण संरक्षण हो सके। हमें संसाधनों का उपयोग करना है न कि दोहन। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ अंजुम अंसारी, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बकतरा ने पर्यावरण संकट तथा जलवायु परिवर्तन विषय पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए ओजोन रिक्तिकरण, ग्रीन हाउस प्रभाव, अम्लीय वर्षा जैसे विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ सतीश बालापुरे के कहा कि सिवनी मालवा में जैव विविधता प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। समय के साथ इनके संरक्षण की आवश्यकता है अन्यथा हम समय के साथ इन्हें खो देंगें। विषय विशेषज्ञ डॉ रजनीकांत वर्मा ने सिवनी मालवा की प्लांट टेक्सोनोमी विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि सिवनी मालवा में विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे उपलब्ध हैं। पौधों की अपनी दुनिया होती है और उनका वैसा ही जीवन चलता है जैसा हमारा जीवन चलता है। इको क्लब के संयोजक प्रशांत चौरसिया ने बताया कि पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रियंका सोनी, कुमकुम बाथव, मनीष तथा जितेंद्र कुशवाह को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। आदित्य लोवंशी, गौरव कुशवाह को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तथा अभिषेक विश्वास को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पल्लवी श्रीवास्तव तथा स्वाति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### रंगपंचमी पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले में वर्ष 2024 के लिए पूर्व में घोषित किए गए तीन स्थानीय अवकाशों में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित अधिसूचना अनुसार 1 नवम्बर शुक्रवार दीपावली के दूसरे दिन का अवकाश निरस्त करते हुए अब 30 मार्च 2024 शनिवार को रंगपंचमी का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि 20 अगस्त मंगलवार को भुजरिया पर्व तथा 11 अक्टूबर शुक्रवार को दुर्गा अष्टमी/महानवमी का स्थानीय अवकाश सम्पूर्ण हरदा जिले के लिए पूर्व से घोषित किया गया है। ये अवकाश बैंक एवं कोषालयों पर लागू नहीं होंगे।

### दल ने निरीक्षण कर 7 नमूने लिए

**हरदा।** खाद्य एवं औषधि विभाग के दल ने गुरूवार को हरदा व टिमरनी के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 7 नमूने लिए। निरीक्षण के दौरान बृजवासी मावा भंडार से मावा, विनय होटल से दही एवं लस्सी, बनिक किराना हरदा से कनफेक्शनरी के 2 तथा आयुष चिल्ड वाटर पोखरनी से पैकेज ड्रिंकिंग वाटर के 2 नमूने लिए।

### किसान ने की कलेक्टर से मंडी कर्मचारी की शिकायत

**हरदा।** खिरकिया की कृषि उपज मंडी में पदस्थ एक सहायक उप निरीक्षक पर एक किसान ने अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से लिखित शिकायत की है। पहटकला के किसान महेश पिता केवलराम गुर्जर ने शिकायत में कहा है कि 18 मार्च को वह अपनी गेहूं की फसल बेचने कृषि मंडी खिरकिया गए थे। फसल बेचने के बाद व्यापारी से मिली राशि कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया। जिसको लेकर उन्होंने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि घटना स्थल के पास स्थित शेड के आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे। किसी अन्य किसान के साथ घटना नहीं हो इसके लिए सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की थी। जिसको लेकर मंडी के अधिकारियों ने उन्हें मंडी सचिव के कार्यालय में बुलाया था। जहां पर मंडी सचिव रमेश धूर्वे ने प्रांगण प्रभारी रामशंकर बांके को भी बुलाया। किसान का आरोप है कि बांके ने अभद्रता करते हुए कहा कि मंडी की अव्यवस्थाओं को लेकर मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। तुम चाहे किसी से भी शिकायत कर दो। उनके इस व्यवहार से दुखी होकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग प्रशासन से की है। मंडी सचिव रमेश कुमार धुर्वे ने कहा- किसान से तेज आवाज में बात करने वाले कर्मचारी को समझाइश दी है।

### रामनिवास गुर्जर बने लोकसभा प्रभारी

**हरदा।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष



रामनिवास गुर्जर को होशंगाबाद लोकसभा का प्रभारी बनाया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन मंत्री हितानन शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व मंत्री मध्यप्रदेश शासन नारायण सिंह कुशवाहा, महामंत्री रणवीर रावत की सहमति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के लोकसभा चुनाव के लिए लोकसभा होशंगाबाद का प्रभारी नियुक्त किया।

---

विद्यार्थियों ने मतदाता जागरुकता संबंधी गीतों का किया गायन

# कलेक्टर आदित्य सिंह ने दिलाई विद्यार्थियों को मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा





मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने महाविद्यालयों व हायर सेकण्ड्री स्कूलों के विद्यार्थियों को लोकसभा निर्वाचन के लिए 26 अप्रैल को मतदान करने की शपथ दिलाई।

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर सिंह ने एनएसएस व एनसीसी के विद्यार्थियों की मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट से रवाना किया। यह रैली जिला पंचायत कार्यालय पहुँचकर सम्पन्न हुई। जिला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के समूह ने लघु नाटिका के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम कटवाने के संबंध में बताया। विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता संबंधी गीतों का गायन भी इस अवसर पर किया।

### गांव में हो रहे कार्यक्रम

शुक्रवार को ग्राम पंचायत पाहनपाट में ग्रामीण मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई गई। ग्राम झालवा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा गीत गाकर धात्री माता, गर्भवती महिलाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। टिमरनी क्षेत्र के ग्राम पोखरनी के आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता द्वारा होली उत्सव आयोजित कर उपस्थित महिला एवं किशोरी बालिकाओं को होली उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए मतदान करने की अपील की और सभी को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान की शपथ भी दिलाई गई। ग्राम चारूवा में स्वीप गतिविधियों के तहत रंगोली, मेंहदी व शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा स्थानीय मतदाताओं को जागरूक किया गया।

### मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

*खिरकिया के वार्ड क्रमांक 13 के आंगनवाड़ी केन्द्र में रंगोली तथा 'अपना संदेश पहुँचाना' गेम सहित अन्य खेलों के माध्यम से महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा खिरकिया के ग्राम भगवानपुरा में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। हरदा शहर के विभिन्न वार्डों में डोर टू डोर सर्वे कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया तथा मतदान की शपथ दिलाई गई जबकि टिमरनी के आंगनबाड़ी केंद्र धौलपुर कला में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई तथा नारे लेखन का कार्य भी किया गया।*

---

5 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

# खंडवा में जलाई 4 मोटरसाइकिल, रात्रि 3 बजे वाहनों पर पेट्रोल डालकर आग लगाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा में गुरुवार-शुक्रवार की रात 3 बजे एक बदमाश ने अग्निवीर बनाकर घटना को अंजाम दिया है। बदमाश ने रहवासी इलाके में चार वाहनों को जलाया। आग की लपटे देखकर रहवासी जागे और बुझाने का प्रयास किया, तब तक चारों बाइक खाक हो चुकी थीं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। फुटेज में बदमाश ने मोटरसाइकल पर पहले पेट्रोल छिड़का, फिर आग लगा दी।

एक मोटरसाइकल से उठी आग की लपटों से सटकर खड़ी बाकी 3 वाहनों को भी आगोश में ले लिया। मामला थाना कोतवाली क्षेत्र के कहारवाड़ी इलाके का है। इलाके के कटपीस मोहल्ले में आगजनी की घटना हुई है। जानकारी के अनुसार लक्की फूलमाली, बबलू फूलमाली की बाइक उनके घर के बाहर खड़ी थी। रात 3 बजे एक बदमाश आता है और एक दुपहिया में आग लगाकर भाग जाता है। धीरे-धीरे चारों बाइक आग की लपटों से घिर जाती है। थोड़ी देर बाद रहवासियों की नींद खुली तो उन्होंने आग को बुझाने का प्रयास किया। आग बुझती तब तक सभी वाहन जल चुकी थीं। रहवासियों ने घटना की सूचना उसी समय थाना कोतवाली पुलिस को दी। सुबह पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का पड़ताल की। इधर, रहवासियों ने आसपास की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इन फुटेज में एक बदमाश दिखाई दे रहा है, जो आग के हवाले करते हुए दिख रहा है। रहवासियों का दावा है कि बाइक में आग लगाने वाले बदमाश की पहचान एजाज नसरूद्दीन खान निवासी कहारवाड़ी के रूप में हुई। पुलिस ने 5 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शहर में पैदल मार्च कर थाने लाए और आरोपी एजाज के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज किया है।

---

# ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक तैयारी करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा





कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पवनसुत गुप्ता को निर्देश दिए कि ग्रीष्म ऋतु में किन-किन ग्रामों और नगरीय क्षेत्र के किन-किन वार्डों में पेयजल संकट होने की संभावना है, ऐसे स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करें, और अभी से तैयारी शुरू करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया, एसडीएम टिमरनी महेश बडोले व एसडीम हरदा कुमार सानू भी मौजूद थे।

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में एक-एक मजरे टोले का सर्वे कराकर यह पता लगाएं कि ग्रीष्म ऋतु में कहां-कहां पेयजल संकट हो सकता है और इन मजरे टोलों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला और विकास खंड स्तर पर पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश भी दिए, और कहा कि कंट्रोल रूम में शिकायत पंजी संधारित की जाए और प्राप्त शिकायतों को उसमें दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निराकरण अगले एक-दो दिन में होता रहे यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि निजी जल स्त्रोतों को भी चिन्हित कर लें ताकि जरूरत पड़ने पर उनका अधिग्रहण किया जा सके। उन्होंने कहा कि अत्यावश्यक होने पर ही पेयजल परिवहन के प्रस्ताव भेजे जाएं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण हो चुकी नल जल योजनाओं को सम्बंधित पंचायतों को हैंडओवर किया जाता रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने पेयजल संबंधी अगली बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी बुलाने के लिए कहा।

---

### सांसद के प्रयास से मिली सफलता, आज से डीजल पेट्रोल के अतिरिक्त भार से जनता को मिलेगी मुक्ति

**खंडवा।** सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के सक्रिय प्रयास एवं इंदौर संभाग आयुक्त दीपक सिंह व कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की प्रशासनिक रणनीति व फटकार के चलते डीजल पेट्रोल कंपनियों को झुकना पड़ा। आज से संसदीय क्षेत्र की जनता को डीजल पेट्रोल की दरों में राहत प्राप्त होगी? वर्षा काल में इच्छापुर इंदौर मार्ग पर प्राचीन नर्मदा पुल पर एक दो स्थान क्षतिग्रस्त हो जाने से राजमार्ग की रिपोर्ट अनुसार जिला प्रशासन द्वारा बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई थी। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा बुरहानपुर जिले के डीजल पेट्रोल के टैंकर घूम कर जाने के कारण डीजल पेट्रोल कंपनियों द्वारा लगभग डेढ़ रुपया प्रति लीटर दरे इन जिलों के लिए बढ़ा दी गई थी, जिसका बोझ खंडवा बुरहानपुर खरगोन जिले की जनता सहन कर रही थी। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रयासों से इसमें सफलता प्राप्त हुई और 22 मार्च को सुबह 6 बजे से कंपनियों द्वारा बढ़ाई गई दरें वापस लेने के साथ पूर्व दरो पर ही जनता को डीजल पेट्रोल प्राप्त होगा।

---

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापामार कार्रवाई जारी

# शहर सहित बिस्टान, सेगांव और ऊन में खाद्य पदार्थों के लिए नमूने



**खरगोन।** आमजन को मिलावट रहित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सतत जांच की जा रही है। इसी कडी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जिले में होली के त्योहार पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष अभियान चलाकर छापामार कार्यवाही की है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर सहित बिस्टान और सेगांव, ऊन के खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए है। इनमें वल्लभा स्वीटस तिलक पथ खरगोन से मावा, मावा कटलस मिठाई एवं केसर कतली का, जोधपुर स्वीटस बिस्टान रोड खरगोन से खजुर, मिठाइ, बटर मावा मिठाइ, मोतीचुर के लडडू का, लजीज होटल खंडवा रोड बस स्टेण्ड खरगोन से सोयाबीन तेल का, भगवान गुप्ता पिता बाबुलाल बाजार चौक सेंगांव से सेंव का, सुरेन्द्र गुप्ता पिता माणकलाल बाजार चौक सेंगांव से धनिया पावडर का, प्रवीण कुशवाह पिता श्याम बाजार चौक सेंगांव से जीरे का, महाजन टी स्टांल बस स्टेण्ड ऊन से पेडा मिठाई का, अग्रवाल फ्रेश कार्नर, बस स्टेण्ड ऊन से मावा रोल का, विनित पिता अशोक गंगराडे से मोटी सेंव, मिठी सेंव एवं हरकंगन का, अभिषेक पिता शरद कुमार गंगराडे से मिठी सेंव, सेंव एवं हरकंगन का, सुमित पिता बंशतलाल गंगराडे से खाद्य पदार्थ मिठी सेंव, सेंव एवं खजुर का नमूना एकत्र किया गया है।

प्रयोगशाला जांच में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाये जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरूद्व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वैद्यानिक कार्यवाही की जाएगी। आगामी समय में समस्त जगह विशेष अभियान चलाकर दुध एवं दूग्ध से बने उत्पाद एवं अन्य खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विधिवत कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस कार्यवाही में श्री आरआर सोंलकी एवं एनएस सोंलकी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

---

# जिपं सीईओ ने निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण



**खंडवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा शुक्रवार को वाटरशेड परियोजना क्रमांक 1 विकासखंड खालवा के ग्राम कुंदईमाल में प्रगतिरत नवीन चेक डैम साइट का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्राम पंचायत सल्याखेड़ा में मनरेगा अंतर्गत पेयजल कूप निर्माण का निरीक्षण किया एवं पुलिया पर मनरेगा से रिंगबंड निर्माण के निर्देश इंजीनियर रविंद्र संकेडिया एवं ग्राम पंचायत सचिव को दिए।ग्राम पंचायत साल्याखेड़ा में आंगनवाड़ी भवन, सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर गुणवत्ता सुधार कर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश इंजीनियर एवं सचिव ग्राम पंचायत को दिए। साथ ही पुराने चेक डैम के गहरीकरण का निरीक्षण किया। ग्राम भगवा में वाटरशेड के प्रगतिरत तालाबों का निरीक्षण किया एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ सोलंकी ने ग्राम भगवा में कुए के पास पुराने चेक डैम के सुधार के निर्देश भी दिए। ग्राम रजुर में प्रगतिरत तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सुनील बोंदडे, परियोजना अधिकारी वाटरशेड, संबंधित इंजीनियर तथा ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित थे।

---

# शिव जयंती के उपलक्ष में घर-घर जाकर किया जा रहा ध्वजारोहण कार्यक्रम

## शक्ति दीदी ने व्यापार में समृद्धि और मन की शांति का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



खंडवा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा घर में व्यापार में सुख समृद्धि एवं मन को शांति कैसे मिले,भारतवर्ष सहित विश्व भर में योग और मेडिटेशन का अभ्यास कराया जाता है।

इस संस्था द्वारा 7 दिन का निशुल्क कोर्स कराया जाता। इस बात को जानकर हैरानी होंगी की उक्त शिक्षा को पा कर करोड़ों लोगो ने अपने जीवन में सफलता प्राप्त की है। इस दौरान ब्रह्माकुमारी संस्था की संचालिका शक्ति दीदी ने अद्वितीय अवसर को महत्वपूर्ण बनाया और लोगों को योग के माध्यम से उनके जीवन को सकारात्मक दिशा में बदलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बताया कि शिव जयंती के उपलक्ष में माह के अंतिम दिनों तक शिव श्रद्धा से जुड़े भाई बहनों के घर पर शिव परमात्मा का ध्वजा लहराया जाता है। इस बेला पर शक्ति दीदी ने ध्वजारोहण के दौरान कहा कि जीवन को कल्याणकारी बनाएंगे, विश्व में कल्याण का पताका पहराएंगे, किसी को भी दुःख नहीं देंगे, सिर्फ सुख देंगे अपील के माध्यम से नगीन राठौर, मोनू जोशी, गोपाल राठौर, आरती बहन, सुनील तीर्थानी, शिव भाई, शुभ राठौर, यशराज वर्मा सभी को दीदी द्वारा शपथ दिलाई गई। अंततः इस पावन अवसर पर शक्ति दीदी द्वारा सभी को फल प्रसादी वितरण कर तिलक लगाकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

---

विश्व वानिकी दिवस

# वन संपदा को संरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी



**रहटगांव।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर वन परिक्षेत्र बोरपानी सामान्य की ओर से आदिम जाति बालक छात्रावास रहटगांव मे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विश्व वानिकी दिवस मनाने के पीछे के उद्देश्य वन संपदा को संरक्षित रखना ,अधिक से अधिक पौधे लगाना और पर्यावरण को सुरक्षित रखना है के बारे में बताया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान आदिम जाति कल्याण बालक छात्रावास रहटगांव के अधीक्षक मुकेश मालवीय एवं वन विभाग के रामजीलाल ऊइके,राजेंद्र बछानिया, सुधीर गौर, हरिओम सोलंकी एवं विष्णु प्रसाद उपस्थित रहे।

---

# जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं में किया जाए शीघ्र सुधार : अर्चना चिटनिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक अर्चना चिटनिस ने जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों से पत्राचार कर आवश्यक सुधार की बात कही। चिटनिस ने कहा कि जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध होने के बावजूद विगत कुछ महीनों से मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी नहीं हो पा रही है। मरीजों को निजी चिकित्सालयों में सोनोग्राफी कराना पड़ रही है। इससे मरीजों को आर्थिक नुकसान व आवागमन में समय सहित अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोनोग्राफी मशीन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाए जाए, जिससे यहां आने वाले मरीजों को शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके।



इसी प्रकार जिला चिकित्सालय में ब्लड सेपरेशन यूनिट स्थापित किया जाना है किन्तु सिविल कार्य अत्यंत धीमी गति से होने के कारण उक्त सुविधा का लाभ क्षेत्र की जनता को मिलने में विलंब हो रहा है। सिविल कार्य को शीघ्रता-शीघ्र पूर्ण करवा कर यूनिट की स्थापना कराइ जाए। चिटनिस ने कहा कि जिला चिकित्सालय में 4 डायलेसिस मशीन संचालित हो रही हैं। जिले के डायलेसिस कराने वाले सभी मरीजों को मात्र इन 4 मशीनों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। जबकि जिला चिकित्सालय आकर डायलेसिस कराने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। साथ ही गंभीर मरीजों जैसे एचआईव्ही, हेपेटाईटिस मरीजों के लिए पृथक से कोई डायलेसिस मशीन उपलब्ध नहीं है। जिससे मरीजों को निजी चिकित्सालय में जाना पड़ रहा है और उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। श्रीमती चिटनिस ने डायलेसिस मशीनों की संख्या में वृद्धि हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की भी बात कही है।

---

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया पोषण पखवाड़े का आयोजन

**झिरन्या।** महिला एवं बाल विकास परियोजना द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी भारती अवास्या के मार्गदर्शन में पोषण पखवाड़े का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर पखवाड़े की थीम 'पोषण भी और पढ़ाई भी' का क्रियान्वयन किया गया। जिसमें बच्चों को पोषण के साथ ही शाला पूर्व शिक्षा पर भी जोर देने की आवश्यकता प्रतिपादित की गई। परियोजना अधिकारी निर्मला वर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि बताया कि उक्त थीम के अनुसार कार्य करें। उन्होंने प्रतिदिन गर्भवती, धात्री माताओं एवं बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। इस वर्ष अवसर पर पर्यवेक्षिका और कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

---

न्यायाधीश के आदेश के बाद हुआ भुगतान

# मध्यान भोजन की शेष राशि के लिए 11 साल से परेशान था परिवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

11 साल मध्यान्ह भोजन की शेष राशि प्राप्त करने के लिए परेशान हो रहे दायाभाई और उसके परिवार को पैरालीगल वालिएंटर दीपमाला शर्मा के सहयोग से भुगतान हुआ। करीब 15 हजार रुपए की राशि दायाभाई और उसके परिवार को मिल गई। पैरालीगल वालिएंटर दीपमाला शर्मा ने बताया कि दायाभाई रावत पलासिया ग्राम पंचायत में खमकी बारुल में रहते है। उनकी पत्नी राधी बाई ने वर्ष 2012 में कमल स्व सहायता समूह प्रारंभ किया था। राधी बाई के साथ रसोईयन का काम मणीबाई किशन,वाली बाई मायाराम, मालू बाई खेमा ने किया था। इसी साल यानी 2012 से शासकीय प्राथमिक विद्यालय रावत पलासिया में उनके समूह को मध्यान्ह भोजन बनाने का अनुबंध मिला। उसके बाद वर्ष 2013 अक्टूबर तक यह कार्य किया गया। लेकिन उसके बाद ग्राम पंचायत ने अनुबंध निरस्त कर दिया था। 15 माह समूह ने कार्य किया लेकिन राशि 12-13 माह दी गई।

### धरना भी दे चुके दायाभाई

पिछले 11 सालों से यह अपनी बची हुई राशि प्राप्त करने के लिए सभी शासकीय कार्यालय में आवेदन दे रहे थे। उनकी शिकायत किसी भी कार्यालय जनपद, एसडीम कलेक्टर कहीं भी नहीं सुनी गई। उसके बाद 5 मार्च 2024 को उन्होंने जनपद पंचायत बड़वाह में अपनी बूढ़ी मां जो कि बीमार है उसको लाकर अपनी बेटी, पत्नी सहित धरना दिया।

### जज के सामने रखी थी परेशानी

इसी दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय मंडलेश्वर के सचिव नरेंद्र पटेल को जनपद सीईओ कंचन ने डोंगरे दायाभाई की समस्या बताई। स्वयं दाया भाई ने भी परेशानी न्यायाधीश के समक्ष रखी। न्यायाधीश नरेंद्र पटेल के आदेश पर पैरालीगल वालिएंटर दीपमाला शर्मा ने दो सप्ताह तक इस मामले की जांच की। जिसके बाद पैरालीगल वालंटियर ने दायाभाई की पत्नी राधीबाई और उनके समूह की सहयोगी महिलाओं मणि बाई किशन,वालीबाई मायाराम के खातों में शासकीय विद्यालय के शिक्षक रामेश्वर तंवर,जगन्नाथ हिरवे,राम सिंह अलावे, रमेश मंडलोई ने मिलकर इन महिलाओं के खाते में राशि डाली। इस तरह दाया भाई और उनके समूह की समस्त महिलाओं को 11 साल के बाद न्याय मिला है।